RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Writ Petition No. 1085/2024

The Principal Brightlands Girls Sr. Secondary School

----Petitioner

Versus

Babita Duseja D/o Shri Shyam Sundar Duseja

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Anant Kasliwal, Sr. Adv. with<br>Mr. Raghav Krishnatri<br>Ms. Divisha Mishra |
| For Respondent(s) | : | Mr. Manoj Sharma, AAG for R-2<br>Mr. Amit Kumar Gupta, PP<br>Mr. Nikhlesh Katara |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**<u>Order</u>**

**<u>29/07/2025</u>**

याची के अधिवक्ता उपस्थित। अयाची संख्या–1 के अधिवक्ता उपस्थित। अयाची संख्या–2 की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री मनोज शर्मा उपस्थित हैं।

कार्यालय द्वारा इंगित आक्षेपों के संबंध में सुना गया।

आक्षेप दूर किये जाते हैं।

प्रार्थनापत्र संख्या 02/2024 पर सुना गया।

यह प्रार्थनापत्र याची की ओर से याचिका में राजस्थान राज्य को अयाची संख्या–3 के रूप में संयोजित किये जाने की प्रार्थना करते हुए प्रस्तुत किया गया है।

प्रार्थनापत्र में अंकित तथ्य और प्रस्तुत तर्क को ध्यान में रखते हुए प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है तथा राजस्थान राज्य को याचिका में अयाची क्रम–3 के रूप में संयोजित किया जाता है।

याची अधिवक्ता को निर्देशित किया जाता है कि संशोधित शीर्षक प्रस्तुत करें तथा याचिका की नकल अयाची संख्या–2 के अधिवक्ता श्री मनोज शर्मा, अति0 महाधिवक्ता तथा अयाची संख्या–3 के लिए विद्वान लोक अभियोजक को प्रदान करें।

पत्रावली याचिका के जवाब हेतु दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध की जावे।

(SHUBHA MEHTA),J

VISHAL SHARMA /78